सत्यमेव जयते



मुख्य मंत्री
राजस्थान

मुग./सन्देश/ओएसडीएफ/2019
जयपुर, 2 दिसम्बर, 2019

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर के 57 वें वार्षिक स्थापना दिवस समारोह का 6 दिसम्बर, 2019 को आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश में ''निष्काम सेवा'' एवं ''सर्व धर्म हितेः रतः'' की अवधारणा से अनुप्राणित गृह रक्षा संगठन का आंतरिक सुरक्षा कार्य में योगदान अपने आप में महत्वपूर्ण है। स्थापना दिवस समारोह के माध्यम से संगठन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों में नये उत्साह एवं विश्वास का संचार होता है।

आशा है वार्षिक समारोह के कार्यक्रम गृह रक्षा संगठन की अब तक की उपलब्धियों एवं अनुभव के आधार पर पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता से बेहतर सेवाएं देने के लिए संकल्पबद्ध होने की प्रेरणा देने वाले होंगे।

मैं गृह रक्षा संगठन के समस्त पदाधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयं सेवकों को स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए वार्षिक समारोह की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(अशोक गहलोत)

डॉ. बी.एल.मीणा,
महानिरीक्षक, पुलिस गृह रक्षा,
गृह रक्षा राजस्थान,
जयपुर (राजस्थान)

Scanned by CamScanner